पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

प्रो0 कुमकुम धर को भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्यभार

लखनऊ: 11 सितम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, श्री राम नाईक ने प्रो0 कुमकुम धर, डीन, नृत्य, भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय, लखनऊ को नियमित/प्रतिस्थानी कुलपति के कार्यभार ग्रहण करने तक की अवधि के लिए कुलपति के पद के कार्यों एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु नियुक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि कुलपति प्रो0 श्रुति सडोलीकर काटकर का कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है। इस आशय की जानकारी आज यहां राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटणकर ने दी है।